CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 162 ▫ रायपुर, रविवार 6 जुलाई 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## फरार तोमर बंधुओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, कुर्क की जा सकती है संपत्ति



**रायपुर,** 6 जुलाई (हाईवे चैनल)। ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के मामलों में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर वीरेन्द्र सिंह तोमर और रोहित सिंह तोमर के खिलाफ पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है. न्यायलय ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है. न्यायालय ने दोनों आरोपियों को पुलिस जांच और पूछताछ के लिए उपस्थित होने के निर्देश भी दिए हैं. इस आदेश के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश तेज कर दी है और अब उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी भी शुरू हो चुकी है. जानकारी के अनुसार, वीरेन्द्र और रोहित तोमर, उनके रिश्तेदारों और सहयोगियों के खिलाफ ब्लैकमेलिंग, धमकी और अवैध वसूली से जुड़े पांच अलग-अलग मामले दर्ज हैं. साथ ही आरोपी रोहित तोमर पर मारपीट का भी केस चल रहा है.

जांच में बरामद किए गए ज्वेलरी और नकदी को आयकर विभाग को सौंपा गया है. वहीं प्रॉपर्टी के दस्तावेजों की भी जांच जारी है. भाठागांव स्थित करीब 5000 वर्गफीट में बना 'साई विला' आरोपी वीरेन्द्र सिंह तोमर की पत्नी के नाम पर दर्ज है. वहीं, अभनपुर, भनपुरी समेत अन्य स्थानों पर वीरेन्द्र और रोहित के नाम पर जमीनों के दस्तावेज भी सामने आए हैं. दावा किया जा रहा है कि अगर दोनों आरोपी जल्द गिरफ्त में नहीं आते हैं, तो इनकी संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की जा सकती है. वहीं फरार आरोपियों के मददगारों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी.

### तकनीकी जांच से तलाश तेज, नए पीड़ित सामने आए

पुलिस की कई टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगी हैं और उनकी लोकेशन ट्रैक करने के लिए तकनीकी जांच जारी है. जांच के दौरान आरोपियों की संपत्ति से जुड़े रिकॉर्ड पुलिस को हाथ लगे हैं. इस मामले में पुलिस के बाद कई नए शिकायतकर्ता भी पहुंचे हैं. इनका आरोप है कि आरोपियों ने उनसे कई गुना ब्याज वसूलने के बाद भी गिरवी रखी जमीनों के दस्तावेज, चेक और अन्य कागजात वापस नहीं किए. इतना ही नहीं, उन्हें गाली-गलौज और जान से मारने की धमकियां भी दी गई.

## पटना भारत की क्राइम कैपिटल : राहुल गांधी



### गोपाल खेमका हत्याकांड पर दिया पहला रिएक्शन

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (न्यूज चैनल)। बिहार के मशहूर व्यवसायी गोपाल खेमका की राजधानी पटना में सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसे लेकर बिहार में सियासत गर्म है। गोपाल खेमका हत्याकांड पर राहुल गांधी ने भी रिएक्शन दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पटना को 'भारत की क्राइम कैपिटल' बताते हुए भाजपा और नीतीश कुमार को घेरने की कोशिश की।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद ने एक्स पर लिखा- पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है। भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया है। उन्होंने कहा आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां 'नया नॉर्मल' बन चुका है ङ्क और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती। हर हत्या, हर लूट, हर गोली ङ्क एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का ङ्क जहाँ डर नहीं, तरक्की हो। इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है।

बता दें कि 4 जुलाई 2025 को रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर बिहार के जाने-माने व्यवसायी गोपाल खेमका की पटना में उनके आवास के निकट बाइक सवार हमलावर ने गोली मारकर हत्या कर दी। । खेमका की हत्या सुपारी देकर कराई गई है। जमीन विवाद को देखते हुए पुलिस की टीम ने शनिवार को फतुहा के औद्योगिक क्षेत्र और आरा में छापेमारी की। पुलिस ने शनिवार को इस मामले में 5 लोगों को हिरासत में लिया है। इस हत्याकांड के तार बेऊर जेल से भी जुड़ रहे हैं। कमिश्नर, आईजी, एसएसपी, 4 सिटी एसपी, कई डीएसपी और 12 थानाध्यक्षों की टीम ने शनिवार को बेऊर जेल में छापेमारी की। जेल में बंद कुख्यात अजय वर्मा से पूछताछ की गई। पुलिस को शक है हत्या उसी के गिरोह ने कराई है। उससे 20 मिनट तक पूछताछ हुई। गोपाल खेमका के छोटे बेटे डॉ. गौरव खेमका के बयान पर गांधी मैदान थाने में अज्ञात पर केस दर्ज हुआ है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### नागरिक उन्मुक्ति पार्टी ने ओली सरकार से समर्थन वापस लिया

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (न्यूज चैनल)। नागरिक उन्मुक्ति पार्टी एक प्रमुख मधेसी पार्टी है, जिसके पास संसद में चार सीट हैं। हालांकि, ओली सरकार से समर्थन वापस लेने से गठबंधन की स्थिरता पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। नागरिक उन्मुक्ति पार्टी (एनयूपी) ने नेपाल में के पी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। पार्टी की अध्यक्ष रंजीता श्रेष्ठ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

नागरिक उन्मुक्ति पार्टी एक प्रमुख मधेसी पार्टी है, जिसके पास संसद में चार सीट हैं। हालांकि, ओली सरकार से समर्थन वापस लेने से गठबंधन की स्थिरता पर असर पड़ने की संभावना नहीं है। श्रेष्ठ ने यहां मीडियाकर्मियों को बताया कि सरकार छोड़ने और संसद में विपक्ष में बैठने का फैसला पार्टी के संसदीय दल की बैठक के दौरान लिया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही अपने फैसले के बारे में अध्यक्ष और प्रधानमंत्री को सूचित करेगी।

### गुजरात की आप विधायक चैतर वसावा गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (न्यूज चैनल)। गुजरात में आम आदमी पार्टी के विधायक चैतर वसावा को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी हत्या के एक मामले में हुई है। वसावा पर हत्या की कोशिश का आरोप लगा है। वहीं आप विधायक को हिरासत में लिए जाने के बाद आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि विसावदर उपचुनाव में आप के हाथों हार के बाद भाजपा बौखला गई है।

## एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे शहादत मामले में एसआईए ने 7 संदिग्धों को लिया हिरासत में



### पूछताछ जारी

**रायपुर,** 6 जुलाई (हाईवे चैनल)। एएसपी आकाश राव गिरेपुंजे शहादत मामले में एसआईए ने बस्तर के कोंटा से 7 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। संदेहियों के पास आंध्र प्रदेश के सिमकार्ड लगे मोबाइल फोन मिले हैं।

एसआईए ने जिन संदेहियों को हिरासत में लिया है, उनसे गोपनीय स्थान में पूछताछ की जा रही है, उनके मोबाइल फोन से माओवादियों को पुलिस की गतिविधियों की जानकारी देने का खुलासा हुआ है। पूछताछ के जरिए घटना के मास्टरमाइंड तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीते 9 जून को सुकमा जिले के कोन्टा-गोलापल्ली मार्ग पर पुलिस टीम नक्सलियों द्वारा जलाये गए मशीनों का अवलोकन करने गई थी। इसी दौरान घटनास्थल पर नक्सलियों द्वारा पहले से बिछाए गए आईईडी बम की चपेट में आने से एडिशनल एसपी आकाश राव गिरेपुंजे मौके पर ही शहीद हो गए, वहीं एसडीओपी कोंटा भानु प्रताप चंद्राकर और टीआई सोनल ग्वाला गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले की जांच और दोषियों कों पकड़ने का काम तेजी से चल रहा है।

## अवैध प्रवास के लिए सात बांग्लादेशियों को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (न्यूज चैनल)। नवी मुंबई की एक अदालत ने भारत में अवैध रूप से रहने के लिए सात बांग्लादेशियों को दोषी ठहराया और निर्देश दिया कि उन्हें 28 जुलाई के बाद पड़ोसी देश वापस भेज दिया जाए।

बेलापुर अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पीए साने ने अनीस शेख (32), पन्नू अब्दुल शेख (38) अजीजुर शेख (43), मंजूर शेख (34), फारूक हुसैन (35), बिलपाप शेख (32) और इमोन अली (19) को पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम के तहत दोषी ठहराया और उन पर 1000-1000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। अतिरिक्त लोक अभियोजक योगेन्द्र पाटिल ने बताया कि सातों को नवी मुंबई के नेरुल में छापेमारी के दौरान पकड़ा गया था। अदालत ने निर्देश दिया है कि 28 जुलाई के बाद उन्हें बांग्लादेश भेज दिया जाए।

## उफनती नदी में अनियंत्रित होकर पलटी ट्रक, चालक-परिचालक समेत 5 लोग बाल-बाल बचे



**बिलासपुर/बलरामपुर,** 6 जुलाई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में मानसून (रूश्रठ्ठह्यश्शठ्ठ ढ्ढठ्ठ ष्टत्र) अपने पूरे शबाब पर है. बलरामपुर जिले में जोरदार बारिश हो रही है, जिसके चलते गागर नदी उफान है. नदी में तेज बहाव के बीच पुल से सटकर पानी बहने रहा है. तेज बहाव के दौरान आयशर ट्रक पुल पार करते समय अनियंत्रित होकर नदी में पलट गया. ट्रक में चालक, परिचालक सहित कुल तीन लोग सवार थे, हालांकि राहत की बात रही कि वह सभी बाल-बाल बच गए. घटना राजपुर थाना क्षेत्र की है.

जानकारी के अनुसार, आयशर ट्रक नदी के ऊपर से पुल को पार कर रहा था. इस दौरान नदी में तेज बहाव होने से पानी पुल से सटकर बह रहा था. ट्रक अनियंत्रित हो गई और नदी में पलट गई. ट्रक में चालक-परिचालक समेत 5 लोग सवार थे. इस घटना में राहत की बात यह रही कि सभी बाल-बाल बच गए. स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी. ट्रैफिक रोकने या वैकल्पिक व्यवस्था के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए. पुल पर भी कई गड्ढे हो गए हैं.

## इंचार्ज के संरक्षण में हो रहा था लालपुर भट्ठी में शराब घोटाला, गिरफ्तार कर्मचारी का खुलासा



**रायपुर,** 6 जुलाई (हाईवे चैनल)। जिला आबकारी और फ्लाइंग स्क्वॉड की जॉइंट टीम ने लालपुर स्थित कंपोजिट शराब दुकान में मिलावटी और बगैर होलोग्राम वाली शराब बेचकर फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपी प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मी शेखर बंजारे को गिरफ्तार किया है. 22 दिन पहले आबकारी टीम ने ही फर्जीवाड़ा पकड़ा था. साथ ही काउंटर में 12 लाख रुपए शार्टेज भी मिला था. दुकान में तैनात प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मियों के खिलाफ पुलिस में फर्जीवाड़े के दो केस आबकारी विभाग ने दर्ज कराये हैं. जिसकी पृथक से जांच जारी है. गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में इस बात का खुलासा किया है कि ये पूरा खेल वहां के इंचार्ज अधिकारियों के संज्ञान में था और इसकी एवज में मोटी रकम भी साहब को जाती थी. इस मामले में और आरोपी सागर सोनवानी फरार है, जिसे गिरफ्तार करने की टीम लगी हुई है. सूत्रों के मुताबिक तीन-चार महीने से शराब दुकान में फर्जीवाड़ा जारी होने के सबूत मिले हैं. आरोपी कर्मी शराब दुकान के सीसीटीवी कैमरे बंद कर देते थे. वहां पर बगैर होलोग्राम वाली शराब बेची जाती रही है. साथ ही होलोग्राम वाली शराब में मिलावट भी की जाती थी. सस्ती शराब को महंगी बोतलों में भरकर फर्जीवाड़ा किए जाने की भी आशंका है. इसमें आबकारी अमले की भी मिलीभगत रही है.

## तहसीलदार शशिकांत कुर्रे को गिरफ्तार करने का आदेश

**रायपुर,** 6 जुलाई (हाईवे चैनल)। भारतमाला परियोजना की पड़ताल चल रही है। इस कड़ी में घोटाले में संलिप्त तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। उन्हें 29 जुलाई को कोर्ट में पेश होने के लिए उद्घोषणा जारी किया गया है। इस मामले में जांच एजेंसी हफ्तेभर में चालान पेश करेगी। भारतमाला परियोजना में मुआवजा घोटाले की ईओडब्ल्यू-एसीबी पड़ताल कर रही है। इस पूरे मामले में जमीन कारोबारी हरमीत खनुजा समेत चार लोगों को जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि घोटाले में अभनपुर के तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, पटवारी बसंती धृतलहरे, जितेन्द्र साहू और तहसीलदार के खिलाफ भी धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज है। जांच एजेंसी ने सभी छह अधिकारी-कर्मचारियों के यहां छापेमारी की थी लेकिन ये सभी अब एजेंसी के सामने पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हो पाए हैं। बताया गया कि तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के खिलाफ विशेष अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था लेकिन ईओडब्ल्यू-एसीबी ने कोर्ट को बताया कि शशिकांत कुर्रे फरार हो गया है। कोर्ट ने 29 जुलाई को पेश होने के लिए अन्तिम अवसर है। सभी छह राजस्व अधिकारियों -कर्मचारियों के खिलाफ धारा धारा 467,468,471,420,120 बी के तहत अपराध दर्ज किया गया है। करीब 450 करोड़ के मुआवजा घोटाले की ईओडब्ल्यू-एसीबी पड़ताल कर रही है।

## हिमाचल के मंडी के चौहारघाटी गांव के पास फटा बादल



### भारी नुकसान हुआ

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (न्यूज चैनल)। हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बीते कुछ दिनों में बारिश ने तांडव मचाया हुआ है. कई जिलों में बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं. इन घटनाओं में जान-माल का नुकसान भी हुआ है. हिमाचल प्रदेश के मंडी में एक बार फिर बादल फटने की घटना सामने आई है. चौहारघाटी गांव में इससे काफी नुकसान हुआ है. बताया जा रहा है कि तीन पुल बह गए हैं जबकि खेतों को भी नुकसान पहुंचा है.

आपको बता दें कि भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं लोगों की जिंदगियों पर कहर बनकर टूटी हैं. हिमाचल में बादल फटने और बादल फटने से आई तबाही में अब तक 72 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं 37 लोग अभी भी लापता हैं. हालांकि मॉनसून के दौरान हिमाचल की परेशानी कम नहीं हुई है. मौसम विभाग ने रविवार के लिए हिमाचल में रेड अलर्ट जारी किया है. इसे लेकर मुख?यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार पूरी तरह से अलर्ट है. साथ ही उन?होंने राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने की भी बात कही है. हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बादल फटने की करीब 19 घटनाओं और इसके बाद अचानक आई बाढ़ के कारण व?यापक तबाही हुई है. इन घटनाओं में 72 लोगों की मौत हो चुकी है और 37 लोग लापता हैं.

## मुरूम की जगह मिट्टी डाल कर बनाई जा रही सड़क

### बारिश के बीच दलदल में फंसी यात्रियों से भरी बस, घटिया निर्माण पर उठे सवाल



**नारायणपुर,** 6 जुलाई (हाईवे चैनल)। जिले में इन दिनों राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत बन रही सड़क की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान मुरूम की जगह मिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सड़क बारिश में कीचड़ का ढेर बन गई है। बारिश का मौसम शुरू होते ही इस लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क पर छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है, लेकिन फिसलन और दलदल के कारण हादसे की आशंका बनी हुई है। बीते दिनों एक बड़ा मामला सामने आया, जब नारायणपुर से कोंडागांव की ओर जा रही यात्री बस कीचड़ में फंस गई।

### मरीजों की जान फंसी कीचड़ में

बताया गया कि इस बस में कई बीमार यात्री सवार थे, जो इलाज के लिए कोंडागांव जा रहे थे। लेकिन जिस रास्ते से बस गुजर रही थी, वहां ठेकेदार द्वारा मुरूम के बजाय मिट्टी डाल दी गई थी, जो बारिश में दलदल बन चुकी थी। बस कीचड़ में बुरी तरह फंस गई और घंटों तक वहीं अटकी रही। स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद बस को बाहर निकाला गया।

### गुणवत्ता की अनदेखी पर उठे सवाल

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विजय सलाम ने आरोप लगाया कि यह सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि मुरूम की जगह मिट्टी डालकर ठेकेदार ने जनता की जान से खिलवाड़ किया है। विजय सलाम ने निर्माण कार्य की स्वतंत्र जांच की मांग की है और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की बात भी कही है।

### जिम्मेदारों पर कब होगी कार्रवाई

स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में नाराजगी साफ़ देखी जा रही है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण में ऐसी अनियमितता बरती गई है, जिससे हर रोज़ लोग जोखिम उठाकर सफर करने को मजबूर हैं। अब सवाल यह है कि क्या जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच कराएगा क्या दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई होगी और सबसे ज़रूरी—क्या आम जनता को घटिया सड़क निर्माण से राहत मिल पाएगी।

CMYK